Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
In news In August 2017

# स्वच्छता की रेस में शामिल होने के लिए जीजेयू ने किया आवेदन

## मानव संसाधन विकास मंत्रालय की टीम इसी महीने विवि का निरीक्षण करेगी

**जागरण संवाददाता हिसार :** अपने ग्रीन कैंपस के कारण मशहूर जीजेयू ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय की और से आयोजित स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने के लिए आवेदन किया है। अब मानव संसाधन विकास मंत्रालय की टीम इसी महीने विश्वविद्यालय का निरीक्षण करेगी और इसके बाद आवेदन करने वाले संस्थानों की स्वच्छता रैंकिंग जारी की जाएगी। मंत्रालय द्वारा टॉप 10 स्वच्छ संस्थानों को अवार्ड दिया जाएगा।

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए पत्र के बाद गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने उच्चतर शिक्षा के संस्थानों के बीच स्वच्छता की रेस में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। देशभर में स्वच्छ भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा उच्चतर शिक्षा संस्थानों के बीच यह स्वच्छता प्रतियोगिता करवा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालय व संस्थान हिस्सा ले रहे हैं। इसके लिए 20 से 31 जुलाई तक आवेदन किया जाना था। विश्वविद्यालय के अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग से संस्थानों की स्वच्छता रैंकिग को लेकर मेल मिला था। जिसके बाद हमने आवेदन कर दिया है। उन्होंने बताया कि संस्थानों की रैंकिंग स्वच्छता पैरामीटर के आधार पर की जाएगी।

### ये होंगे स्वच्छता रैंकिंग के पैरामीटर

- कैंपस में सफाई व्यवस्था।
- शौचालयों की सफाई व्यवस्था व रखरखाव।
- कैंपस का पर्यावरण और पौधारोपण क्षेत्र
- एनर्जी की नई तकनीक, जैसे सोलर सिस्टम का इस्तेमाल।
- पानी का रिसाइक्लि कैसे हो रहा।
- विश्वविद्यालय व हॉस्टल आदि का वेस्ट डिस्पोजल कैसे और कहां हो रहा।
- सिवरेज सिस्टम कैसा है।



गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी की हरियाली।

### जीजेयू को मिल चुका है ग्रीन कैंपस का अवार्ड

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय को इससे पहले ग्रीन कैंपस का अवार्ड मिल चुका है। विश्वविद्यालय को यह अवार्ड वर्ष 2009 में वर्ल्ड मैनेजमेंट कांग्रेस द्वारा दिया गया था। इसके बाद से विश्वविद्यालय का ग्रीन कैंपस के कारण मशहूर हो गया था।

स्वच्छता रैंकिंग को लेकर हमने आवेदन कर दिया है। हमारा कैंपस पहले ही बेहद स्वच्छ है, ग्रीन कैंपस के रूप में विश्वविद्यालय की अपनी छवि है। हमें पूरी उम्मीद है कि हमारा कैंपस टॉप टेन संस्थानों में भी सबसे बेहतर रैंक हासिल करेगा।

**– डा. अनिल कुमार पुंडीर,** रजिस्ट्रार, जीजेयू।

दैनिक जागरण - 2/8/17

हिसार

# जीजेयू में एमएससी फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ विषय की 5-5 सीटें बढ़ाई

## वंचित विद्यार्थी ले सकेंगे दाखिला, 14 अगस्त को होगी फाइनल कांउसिलिंग

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में एमएससी कोर्सेस में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को एक और मौका दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसके लिए एमएससी फिजिक्स, एमएससी कैमिस्ट्री और एमएससी मैथ के कोर्सो की 5-5 सीटें बढ़ा दी हैं। जो विद्यार्थी मेरिट में नहीं आने के कारण दाखिला नहीं ले पाए थे, वे विश्वविद्यालय द्वारा 14 जुलाई को होने वाली फाइनल काउंसिलिंग में हिस्सा लेकर दाखिला ले सकते हैं। एडमिशन कोर्डिनेटर डा. जेबी दहिया ने बताया कि इन तीनों कोर्सो में पहले से खाली सीटों व 10 फीसद बढ़ाई गई सीटों पर काउंसिलिंग 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY OF SCIENCE & TECHNOLOGY HISAR
ज्ञानं विज्ञान सहितम्

जीजेयू में एमएससी के फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथ के कोर्सों में विद्यार्थियों का रूझान सबसे अधिक होता है। विश्वविद्यालय में तीनों कोर्सो में 50-50 सीटें निर्धारित हैं। लेकिन इन सीटों के लिए इस बार करीब साढ़े तीन हजार के करीब आवेदन आए थे। जिनमें से एमएससी मैथ के लिए 773 और एमएससी फिज़िक्स की 50 सीटों के 850 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। वहीं एमएससी कैमिस्टी में 1020 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। बड़ी संख्या में दाखिले से वंचित विद्यार्थी व छात्र संगठन कुछ सीटें बढ़ाने की मांग कर रहे थे। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों ने इस मांग को स्वीकार करते हुए 10 फीसद सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया। जिसके बाद तीनों कोर्सों में 5-5 सीटें बढ़ गई हैं।

### बैचलर इन फिजियोथेरेपी की 4 सीटें बढ़ीं

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बैचलर इन फिजियोथेरेपी की सीटें भी बढ़ाई हैं। इस कोर्स में पिछले कुछ समय से विद्यार्थियों का रूझान बढ़ा है। विश्वविद्यालय में इस कोर्स की कुल 40 सीटें थी। अब 10 फीसद सीटें बढ़ाने से इनकी संख्या 44 हो गई हैं।



हमने एमएससी के तीन कोर्सो की 10 फीसद सीटें बढ़ाई हैं। अधिक से अधिक विद्यार्थियों को दाखिला देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। हमने बीपीटी की भी 10 फीसद सीटें बढ़ाई हैं।

**डा. राजेश मल्होत्रा,** डीन एकेडमिक अफेयर, जीजेयू हिसार।

### जीजेयू में मनाया जाएगा महिला पुलिस दिवस

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. चरण सिंह सभागार में 5 अगस्त को द्वितीय महिला पुलिस दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मनाए जा रहे इस कार्यक्रम में हरियाणा के तमाम जिलों से महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शिरकत करेंगे। इसके साथ- साथ हरियाणा महिला पुलिस के उन पुलिस अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा, जिन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान अपनी कर्तव्य परायणता व साहस का परिचय देकर हरियाणा पुलिस को गौरवान्वित किया है। एसपी मनीषा चौधरी ने बताया की महिला पुलिस दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य आयोजन में अनेक शिक्षण संस्थानों की छात्राएं भी आएंगी। इन्हें महिला पुलिस की कार्यशैली व समाज के उत्थान में सशक्त महिलाओं की भागीदारी बारे भी सविस्तार बताया जाएगा। वहीं छात्राओं को सीएम के साथ-साथ प्रतिभाशाली व उच्च पदों पर आसीन महिला पुलिस अधिकारियों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

दैनिक जागरण - 3/8/17

**उपलब्धि** | राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान द्वारा जीजेयू को जारी की गई एक करोड़ की अनुदान राशि, बढेंगी सुविधाएं

# शैक्षणिक कौशल में किया और जाएगा सुधार

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान द्वारा एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि मिली है। इस राशि को विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने, विद्यार्थियों के कौशल विकास सहित विभिन्न कार्यक्रमों में खर्च की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने मानव संसाधन विकास केन्द्र को बधाई दी और आगामी योजनाओं में सफलता की कामना की।

मानव संसाधन विकास केन्द्र के निदेशक डा. नीरज दिलबागी ने बताया कि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत विश्वविद्यालय के लिए एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत हुई है, जिसकी 50 लाख रुपये की पहली किस्त विश्वविद्यालय में प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुसंधान आयोग द्वारा भी गुजवि के मानव संसाधन विकास केन्द्र को देश में पहले स्थान पर रखा है। इसके अतिरिक्त मानव संसाधन विकास केन्द्र हरियाणा प्रदेश में भी एकमात्र अनुसंधान केन्द्र है। इसका मुख्य कारण केन्द्र द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने, विद्यार्थियों के कौशल विकास व शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए आयोजित करवाए जाने वाले विशेष कार्यक्रमों व राष्ट्रीय कान्फ्रेंसों में सफलता हासिल करना है।

सफल आयोजन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय अनुसंधान आयोग द्वारा समय-समय पर राशि भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। डा. दिलबागी ने बताया कि इस सफलता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय अनुसंधान आयोग द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत हरियाणा के एकमात्र मानव संसाधन विकास केन्द्र को एक करोड़ रूपए की राशि मंजूर की है। उक्त राशि के तहत विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक कौशल में सुधार, संकाय का विकास, अकादमिक सुधार, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नवीन रणनीतियों का विकास, शिक्षकों द्वारा शिक्षा में अनुसंधान एवं नवीनता लाने बारे सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों व समाज के लिए लाभदायक होंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ शिक्षकों, शोधार्थियों, नगरपालिका समिति के सदस्यों, सरपंचों तथा अन्य जनप्रतिधियों हेतु भी विशेष शिक्षावद कोर्सो भी आयोजित होंगे।

दैनिक जागरण- 5/8/17

---

# जीजेयू को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान से मिला एक करोड़ रुपये का अनुदान

**शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए 50 लाख की पहली किस्त विवि को मिली**

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान द्वारा एक करोड़ रुपए की अनुदान राशि मिली है। इस राशि को विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने, विद्यार्थियों के कौशल विकास सहित विभिन्न कार्यक्रमों में खर्च किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने मानव संसाधन विकास केंद्र को बधाई दी तथा आगामी योजनाओं में सफलता की कामना की। मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक डॉ. नीरज दिलबागी ने बताया कि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत विश्वविद्यालय के लिए एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। जिसकी 50 लाख रुपये की पहली किस्त विश्वविद्यालय को प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुसंधान आयोग द्वारा भी जीजेयू के मानव संसाधन विकास केन्द्र को देश में पहले स्थान पर रखा है। इसके अतिरिक्त मानव संसाधन विकास केन्द्र हरियाणा प्रदेश में भी एकमात्र अनुसंधान केंद्र है। इसका मुख्य कारण केन्द्र द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने, विद्यार्थियों के कौशल विकास व शिक्षकों तथा शोधार्थियों हेतु आयोजित करवाए जाने वाले विशेष कार्यक्रमों व राष्ट्रीय कांफ्रेस में सफलता हासिल करना है। सफल आयोजन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय अनुसंधान आयोग द्वारा समय-समय पर राशि भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## इन कामों में होगा राशि का उपयोग

डा. दिलबागी ने बताया कि इस सफलता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय अनुसंधान आयोग द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत हरियाणा के एकमात्र मानव संसाधन विकास केंद्र को एक करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। उक्त राशि के तहत विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक कौशल में सुधार, संकाय का विकास, अकादमिक सुधार, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नवीन रणनीतियों का विकास, शिक्षकों द्वारा शिक्षा में अनुसंधान एवं नवीनता लाने बारे सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों व समाज के लिए लाभदायक होंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ शिक्षकों, शोधार्थियों, नगरपालिका समिति के सदस्यों, सरपंचों तथा अन्य जनप्रतिधियों हेतु भी विशेष शिक्षावद कोर्सों का आयोजन भी किया जाएगा।

दैनिक भास्कर - 5/8/17

# कॉलेजों में 16 अगस्त तक होंगे दाखिले, पोर्टल खुला

## जीजेयू ने दाखिले के लिए भेजा पत्र उच्चतर शिक्षा विभाग ने खोला पोर्टल

**जागरण संवाददाता, हिसार :** कॉलेजों में ग्रेजुएशन व पोस्टग्रेजुएशन के किसी भी कोर्स में दाखिले से वंचित रहे विद्यार्थियों के पास एक और मौका है। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को कॉलेजों में दाखिले के लिए 16 अगस्त तक का समय दे दिया है। 16 अगस्त तक विद्यार्थी कॉलेज में जाकर खाली सीटों पर दोबारा दाखिला ले सकते है। इसके लिए 1000 रुपये अतिरिक्त फीस देनी होगी। विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को मंगलवार इससे संबंधित पत्र भेज दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक कॉलेजों में खाली सीटों और दाखिले से वंचित विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए यह फैसला लिया है।

जिलेभर के कॉलेजों में किसी न किसी विषय में सीटें खाली हैं। हालांकि गवर्नमेंट व गवर्नमेंट एडिड कॉलेजों में बीए की लगभग सीटें भर चुकी हैं। जबकि कई अन्य कोर्सों की सीटें खाली हैं। कई जगह विद्यार्थियों के नाम कटवाने के बाद सीटें रिक्त हो गई हैं। वहीं प्राइवेट कॉलेजों में कुल 70 फीसद से अधिक सीटें खाली हैं। कई प्राईवेट कॉलेजों में 55 फीसद तक सीटें भरी हैं जबकि कुछ में कई कोर्स ऐसे हैं, जिनमें दाखिले का आंकड़ा दहाई तक भी नहीं पहुंचा है।



### उच्चतर शिक्षा विभाग ने खोला पोर्टल

विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजिज डा. नरसी बिश्नोई ने बताया कि उन्होंने कॉलेजों से सीटों का ब्यौरा मंगवाया था, जिसमें जिले के कॉलेजों में बड़ी संख्या में सीटें खाली थी। दाखिले से वंचित विद्यार्थी भी पोर्टल खोलने व दाखिला देने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने उच्चतर शिक्षा विभाग से पोर्टल खोलने की रिक्वेस्ट की थी। डा. बिश्नोई ने बताया कि कि विभाग ने अब पोर्टल खोल दिया है।

### राहत

- ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में खाली सीटों पर ले सकेंगे दाखिले
- दाखिले के लिए 1000 रुपये फीस देनी होगी अतिरिक्त



हमने अभी तक अपना कोई नियम नहीं बनाया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की जो गाइलाइन कॉलेजों में चल रही थी। उसी के आधार पर फैसला लिया है। इस फैसले से दाखिले से वंचित विद्यार्थियों को फायदा होगा। विद्यार्थी एक हजार रुपये अतिरिक्त फीस के साथ कॉलेज में दाखिला ले सकता है।

– **डा. नरसी बिश्नोई,** डीन ऑफ कॉलेजिज, जीजेयू हिसार।

दैनिक जागरण - 9/8/17

# जीजेयू में बैंकों की तरह बनाया स्ट्रांग रूम

## दस्तावेज रहेंगे महफूज, एग्जामिनेशन ब्रांच बनी आधुनिक

**जागरण संवाददाता हिसार :** रोहतक की हेल्थ यूनिवर्सिटी में सेंधमारी के बाद जीजेयू ने प्रश्न-पत्रों, आंसर सीट और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए बैंकों की तर्ज पर स्ट्रांग रूम बनाया है। विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन के विस्तार के दौरान बनी एग्जामिनेशन ब्रांच में बनाए गए इस स्ट्रांग रूम को खोलने के लिए मौके पर दो शख्श का होना जरूरी होगा। एक शख्स नहीं खोल सकेगा। विश्वविद्यालय द्वारा प्रशासनिक भवन का विस्तार किया गया है।

जिसके तहत भवन पर द्वितीय व तृतीय मंजिल का निर्माण किया गया है। यह नई बनी मंजिल मुख्य रूप से एग्जामिनेशन ब्रांच के लिए बनाई गई है। बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी उपस्थित रहे।



प्रशासनिक भवन में बनी नई बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर। • जागरण

### नॉर्मस के अनुसार बनाया गया

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह भवन नॉर्मस के अनुसार बनाया गया है। इसके तहत प्रश्नपत्र बैंक के लिए एक स्ट्रांग रूम बनाना जरूरी था। ताकि विश्वविद्यालय में परीक्षा के लिए बनाए जाने वाले प्रश्नपत्र व जरूरी गोपनिय दस्तावेजों को महफूज रखा जा सके। प्रशासनिक भवन के विस्तार में लगभग 2 करोड़ 16 लाख 22 हजार रुपये का खर्च आया है। जिसमें से 1 करोड़ रूपए की राशि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत खर्च की गई है। नई बिल्डिंग में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, कंडक्ट ब्रांच, परीक्षा शाखा, गोपनीय शाखा, ईडीपी सैल, सिस्टम मैनेजर कार्यालय, 13 अन्य कार्यालय, 3 स्टोर रूम, स्ट्रांग रूम तथा कमेटी रूम बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने बताया कि परीक्षा शाखाओं के पास ही पूरे विश्वविद्यालय का गोपनीय रिकार्ड होता है। इसलिए हमें आधुनिक व सुरक्षित परीक्षा शाखा की जरूरत थी।



स्ट्रॉंग रूम। • जागरण

### पौधारोपण भी किया

नया भवन बनाने के साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने भवन के साथ साथ पौधारोपण भी किया है। प्रशासनिक भवन के साथ खाली एरिया में 6 पौधे महुआ, 10 पौधे अशोका व 5 पौधे फिकस बैंजामिना के लगाए गए हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वयं पौधे लगाकर इसकी शुरूआत की। इस दौरान अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत, एचआरडीसी निदेशक डा. नीरज दिलबागी, कार्यकारी अभियंता सुनील ग्रोवर, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता को लेकर समाज को जागरूक करने की जरूरत

**जागरण संवाददाता हिसार :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को स्वच्छ बनाने हेतु समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। अगर हमारा समाज जागरूक होगा तभी देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बना सकते हैं। इसके लिए देश में कानून और कड़े करने होंगे। इसके अलावा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित स्वस्थ भारत अभियान की जिला समन्वयक पिंकी यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा. एसबी लुथरा व डा. लोकेश कुमार मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि यह कार्यशाला में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों व स्कूलों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारनौंद के छात्र मनदीप व रमन ने पहला तथा सीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार की छात्रा किरण व निधि ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं पीजीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार की छात्रा रिम्पी व गरिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गुजवि की छात्रा श्रुति व सुशीला तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नंगथला के छात्र भूपेन्द्र व विनोद को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर डा. कश्मीरी लाल, डा. अनिल कुमार व डा. सुमन दहिया उपस्थित थे।



पहला स्थान प्राप्त करने वाले को सम्मानित करते हुए कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर।

दैनिक जागरण - 10/8/17

# बायो मेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के दो स्टूडेंट्स का कैंपस सिलेक्शन

सिटी रिपोर्टर • जीजेयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से आयोजित ऑफ कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के दो विद्यार्थियों का चयन मॉडस मेडिकल सिस्टम कम्पनी दिल्ली में हुआ है। विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि प्लेसमेंट सेल द्वारा ऑफ-कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। कम्पनी दिल्ली द्वारा लिए गए साक्षात्कार में विश्वविद्यालय के बॉयो मेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के दो विद्यार्थियों अर्शदीप सिंह व राहुल मल्होत्रा को सेल्स इंजीनियर के पद पर नियुक्त किया गया है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक मलिक व सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश चाबा व ट्रेनिंग प्लेसमेंट समन्वयक डा. रविश गर्ग का विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए आभार व्यक्त किया है।

दैनिक भास्कर - 9/8/17

# गुजवि में हुआ प्रशासनिक भवन का विस्तार

हिसार, 9 अगस्त (का.प्र.): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रशासनिक भवन का विस्तार किया गया। उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में स्थित परीक्षा शाखाएं, कार्यालय व स्टोर रूम छोटे व सीमित होने के कारण कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिनको मद्देनजर रखते हुए प्रशासनिक भवन का विस्तार किया गया है। उक्त कार्यालय को बनाने में लगभग 216.22 लाख रुपए की राशि खर्च हुई है जिसमें से 100 लाख रुपए की राशि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत खर्च की गई है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा शाखाओं से सम्बंधित सभी शाखाओं के कर्मचारियों को उक्त कार्यालयों से फाइलों के रखरखाव व स्टोर की समस्या से राहत मिलेगी तथा कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ेगी। नई बिल्डिंग में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, कंडक्ट ब्रांच, परीक्षा शाखा, गोपनीय शाखा, ई.डी.पी. सैल, सिस्टम मैनेजर कार्यालय, 13 अन्य कार्यालय, 3 स्टोर रूम, स्ट्रॉग रूम तथा कमेटी रूम बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह विस्तार विद्यार्थियों व आगंतुकों के लिए भी सुविधाजनक होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि परीक्षा शाखाओं के लिए बड़े कार्यालयों व स्टोर की आवश्यकता होती है क्योंकि परीक्षा शाखाओं के पास ही पूरे विश्वविद्यालय का गोपनीय रिकार्ड होता है।

इस अवसर पर अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत, एच.आर.डी.सी. निदेशक डा. नीरज दिलबाघी, कार्यकारी अभियंता सुनील ग्रोवर, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।




प्रशासनिक भवन में बनी नई बिल्डिंग का उद्घाटन करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर।

पंजाब केसरी हिसार - 10/8/17




हिसार के जीजेयू कैंपस में रैली निकालते एनएसएस के सदस्य। अमर उजाला

# स्वयंसेवकों ने शहर में स्वच्छता रैली निकाल किया लोगों को जागरूक

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने शुक्रवार को शहर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने हरी झंडी दिखाकर किया।

पुंडीर ने कहा कि देश को स्वच्छ बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि रैली बरवाला चुंगी, जिंदल पार्क के रास्ते से होते हुए बस अड्डा पहुंची। उसके बाद तलाकी गेट, राजगुरु मार्केट, भगत सिंह चौक, पड़ाव, ऑटो मार्केट होते हुए बरवाला चुंगी पर संपन्न हुई। दयानंद कॉलेज, हिसार, राजकीय कॉलेज, हिसार, नारनौंद, नलवा, एसडी कॉलेज, हांसी, एफजीएम राजकीय कॉलेज व जीडी गर्ल्स कॉलेज, पीजीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जह.जपुल, जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ठाकुर दास भार्गव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पब्लिक स्कूल, सातरोड़ खास, सातरोड़ खुर्द, गंगवा के स्वयंसेवकों ने रैली में भाग लिया गया। डॉ. कश्मीरी लाल, डॉ. सुमन दहिया, डॉ. विजेंद्र सैनी, डॉ. विजय पाल, डॉ. राजेंद्र, डॉ. सुनीता बैनीवाल मौजूद रहे।

## सीसवाल में दिया स्वच्छता का संदेश

हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीसवाल में एनएसएस इकाई की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्वयंसेवकों ने सफाई का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी अशोक वशिष्ठ के नेतृत्व में पखवाड़े की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। छात्रों ने अपने विद्यालय प्रांगण की सफाई करने के साथ गोद ली गई बस्ती के स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टैंड, पार्क, पंचायत घर व मंदिर में जाकर सफाई की। छात्रों के समूह ने गांव को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए अपने आस-पड़ोस में सफाई रखकर बीमारियों से बचने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वच्छता के नारों का जयघोष करते हुए व स्लोगन पट्टी लेकर गांव में जन जागरूकता रैली निकली, जिसे प्राचार्या राज रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रवक्ता पंकज शर्मा, मुकेंद्र ने भी सफाई का महत्व समझाया। इस अवसर पर सरपंच घीसाराम, दलीप बिश्नोई सहित ग्राम पंचायत के सदस्य भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला - 12/8/17



*दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र।*

# गुजवि में खेल प्रतियोगिता, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हिसार, 16 अगस्त (का.प्र.): विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक डा. एस.बी. लुथरा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 5 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की दौड़ में अनामिका पहले स्थान पर, जयामिनी दूसरे व वानी तीसरे स्थान पर रही। 5 से 7 वर्षीय लड़कियों की दौड़ में निशीका ने पहला, हुनर ने दूसरा व अरविका तीसरा स्थान प्राप्त किया।

7 से 9 वर्षीय लड़कियों की दौड़ में वंशिका, काजल व अवनी पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रही तथा 9 से 11 वर्षीय दौड़ में मुस्कान व खुशी ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। 11 से 13 वर्षीय लड़कियों की दौड़ में अन्जू ने पहला, हिमांशी ने दूसरा व पायल ने तीसरा स्थान वहीं 13 से 15 वर्षीय लड़कियों की दौड़ में प्रज्ञा व श्रुति ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। 5 वर्ष से कम उम्र के लड़कों की दौड़ में केशव पहले स्थान पर, भावना दूसरे स्थान पर तथा पीयूष तीसरे स्थान पर रहा। 5 से 7 वर्षीय लड़कों की दौड़ में लोकेश ने पहला, मनीष राम ने दूसरा व प्रिंस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 7 से 9 वर्षीय लड़कों की दौड़ में लक्ष्य, भव्य व अन्नत पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे तथा 9 से 11 वर्षीय दौड़ में राहुल, गौरव व हितेश ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। 11 से 13 वर्षिक लड़कों की दौड़ में कृष ने पहला, सत्यादेव ने दूसरा व ध्रुव ने तीसरा स्थान वहीं 13 से 15 वर्षीय लड़कों की दौड़ में अक्षत, ग्रवित व दक्ष्य ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। 15 वर्ष से अधिक उम्र के लड़कों में मुनीष लाम्बा ने पहला, आर्यन ने दुसरा व हेमन्त लाम्बा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

पंजाब केसरी हिसार- 17/8/17

# दौड़ में अनामिका ने हासिल किया पहला स्थान

**हिसार(ब्यूरो)।** जीजेयू में कर्मचारियों-अधिकारियों और शिक्षकों के बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को कुलपति ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खेल विभाग के निदेशक डॉ. एस.बी. लुथरा ने बताया कि कैंपस में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 5 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की दौड़ में अनामिका पहले स्थान पर, जैमिनी दूसरे और वानी तीसरे स्थान पर रही। 5 से 7 वर्षीय लड़कियों की दौड़ में निशिका ने पहला, हुनर ने दूसरा और अरविका तीसरा स्थान प्राप्त किया। 7 से 9 वर्षीय लड़कियों की दौड़ में वंशिका, काजल और अवनी पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रही तथा 9 से 11 आयु वर्ग दौड़ में मुस्कान व खुशी ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया। 11 से 13 आयु वर्ग लड़कियों की दौड़ में अंजू ने पहला, हिमांशी ने दूसरा और पायल ने तीसरा स्थान हासिल किया। 13 से 15 आयु वर्ग लड़कियों की दौड़ में प्रज्ञा और श्रुति ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## जीजेयू में फहराया तिरंगा बच्चों को किया सम्मानित



**हिसार के जीजेयू में कुलपति टंकेश्वर कुमार छात्रा को सम्मानित करते हुए।**

अमर उजाला- 17/8/17

# योग्यता अनुसार काम करने से ही मिलती है सफलता : कुलपति

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व के मजबूत पक्ष को जान लें। विद्यार्थी अपनी योग्यता के अनुसार काम करेंगे तो उन्हें सफलता पाने से कोई नहीं रोक सकता।

प्रो. टंकेश्वर कुमार मनोविज्ञान विभाग की ओर से योग्यता परीक्षण विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप राणा ने किया। कार्यशाला में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के प्रो. रविकांत गोंठे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा योग्यता परीक्षण बहुत अच्छा विषय चुना गया है जो विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई काबिलियत को उभारने का काम करेगा। मुख्य वक्ता प्रो. रविकांत गोंठे ने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी कोर्स में दाखिला देने से पहले योग्यता परीक्षण किया जाना बहुत जरूरी है। अगर विद्यार्थी सही कोर्स का चुनाव कर लेते हैं तो वे बहुत सी नकारात्मक भावनाओं से बच सकते हैं। मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप राणा ने संबोधित किया कि योग्यता परीक्षण बहुत आवश्यक है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रो. रविकांत गंठे को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया।



जीजेयू के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार स्मृतिचिह्न भेंट करते हुए। अमर उजाला

## आंतरिक मूल्यांकन के टॉपर्स को सम्मानित करेगा जीजेयू

हिसार। जीजेयू कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता की अपेक्षा व्यक्तिगत योग्यता की अधिक आवश्यकता होती है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ व्यक्तित्व विकास की गतिविधियों में भी भाग लें। प्रो. टंकेश्वर कुमार विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षणिक सत्र 2017-18 के नव आगंतुक विद्यार्थियों के लिए चौधरी रणबीर सिंह सभागार में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थी अपने आपको सौभाग्यशाली समझें कि वो विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आए हैं। देश की केवल 11 प्रतिशत आबादी को ही विश्वविद्यालय तक पढ़ने जाने का मौका मिल पाता है। डिग्री की बजाय ज्ञान प्राप्त करना उद्देश्य होना चाहिए। आंतरिक मूल्यांकन के टॉपर्स और प्रथम वर्ष के टॉपर्स को विश्वविद्यालय की ओर सम्मानित किया जाएगा। प्रो. दिनेश चुटानी ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पर्यावरण के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी। स्वागत भाषण में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. हरभजन बंसल ने कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिभा दिखाएं। मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक प्रो. नीरज दिलबागी ने धन्यवाद प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला, प्रताप सिंह मलिक, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. एसबी लुथरा, सुनील शर्मा, प्रो. सोनिका, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. सुनीता रानी, प्रो. शबनम सक्सेना, डॉ. लोकेश, प्रो. वीके बिश्नोई, प्रो. कर्मपाल नरवाल, मुकेश कुमार, डॉ. किश्नाराम बिश्नोई, प्रोक्टर प्रो. संदीप राणा ने छात्रों को संबोधित किया।

# जीजेयू की टीम वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम के लिए ताइपे रवाना



जीजेयू में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के लिए रवाना होने से पहले टीम अपने कोच के साथ। अमर उजाला

हिसार (ब्यूरो)। चाइनीज ताइपे में होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2017 के लिए भारतीय यूनिवर्सिटी टेनिस टीम को गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा रवाना किया।

यह टीम 19 अगस्त से 31 अगस्त तक होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में अपना परचम लहराएगी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. हरभजन बंसल ने टीम में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। खेल विभाग के निदेशक डॉ. शशी भूषण लुथरा ने बताया कि टेनिस टीम देश की यूनिवर्सिटी की तरफ प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने बताया कि टेनिस का प्रेक्टिस कैंप विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा एक से 16 अगस्त तक आयोजित किया गया। खेल निदेशक डॉ. एसबी लुथरा भी टीम के साथ जाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी, युवा कल्याण निदेशक अजीत कुमार, कृष्ण कुमार, अजीत रंगा, कमल व अशोक कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर योग शिविर भी लगाया गया। संचालन समिति के जिला प्रभारी मुकेश कुमार ने किया।

अमर उजाला - 18/8/17

# जीजेयू के विद्यार्थी हर बुधवार को करवा सकेंगे काउंसिलिंग

## विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव को देखते हुए विश्वविद्यालय ने लिया फैसला

**जागरण संवाददाता हिसार** : गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अगर किसी तरह का तनाव, अवसाद या अन्य मनोवैज्ञानिक समस्या है तो विद्यार्थी अपने ही विश्वविद्यालय में इसकी काउंसिलिंग करवा सकेंगे। विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक विभाग में इसके लिए हर बुधवार को ओपीडी लगाई जाएगी। कक्षा के बाद प्रोफेसर ओपीडी में अपनी सेवाएं देंगे। विभाग के प्रोफेसर डा. संदीप राणा ने बताया कि ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी।

हमने मनोवैज्ञानिक विभाग में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की काउंसिलिंग करने का निर्णय लिया है। इसके लिए हर बुधवार ओपीडी रखी गई है। विद्यार्थी सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कभी भी अपनी समस्याएं लेकर विभाग में आ सकते हैं। जिस प्रोफेसर की कक्षा नहीं होगी, उसकी ड्यूटी ओपीडी में लगाई जाएगी। निश्चित रूप से यह विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

**डा. संदीप राणा**, चेयरमैन, मनोवैज्ञानिक विभाग जीजेयू हिसार

विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के किसी भी तरह की सामान्य बीमारी के लिए हैल्थ सेंटर की व्यवस्था है। जहां से विद्यार्थी विभिन्न तरह की समस्याएं आने पर दवाईयां लेने के अलावा टेस्ट भी करवाते हैं। लेकिन मानसिक तौर पर किसी भी समस्या के समाधान के लिए कोई विशेष प्रबंध नहीं था। जबकि विश्वविद्यालय में मनोवैज्ञानिक विभाग पहले से ही मौजूद है।

वहीं विद्यार्थियों में विभिन्न कारणों से तनाव व चिंताएं बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मनोवैज्ञानिक विभाग में विद्यार्थियों की ओपीडी लगाए जाने का फैसला लिया है। विभाग के चेयरमैन डा. संदीप राणा ने बताया कि इससे विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक स्थिति सुधारने और उनके व्यक्तित्व विकास को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

# कॉलेजों में दाखिले के लिए फिर खुला पोर्टल

**जागरण संवाददाता हिसार** : कॉलेजों में विभिन्न कक्षाओं में दाखिले से वंचित विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा विभाग व गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने एक और मौका दिया है। जो विद्यार्थी प्रथम वर्ष में दाखिला लेना चाहते हैं, वे विभिन्न निजी व ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी कॉलेजों में खाली सीटों पर 31 अगस्त तक दाखिला ले सकते हैं।

इसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने पोर्टल खोल दिया है। वहीं कॉलेजों में जो विद्यार्थी नियत समय में द्वितीय व तृतीय वर्ष में दाखिला नहीं ले पाए थे, वे भी 31 अगस्त तक दो हजार और इसके बाद 15 सितंबर तक 2500 रुपये अतिरिक्त फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को इससे संबंधित पत्र भेज दिया है। कॉलेजों में सोमवार से दाखिले लिए जा सकते हैं।

प्रदेशभर के कॉलेजों में इस बार सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिले के करीब 18 कॉलेजों में आनॅलाइन एडमिशन हुए थे। लेकिन कई कॉलेजों में सीटें खाली रह गई थी और विद्यार्थी भी दाखिले से वंचित थे। कॉलेजों ने इन सीटों को भरने के लिए गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के माध्यम से उच्चतर शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों को दाखिला का एक और मौका देने की अपील की थी। जिसके बाद शनिवार को विभाग ने हिसार जिले के सभी कॉलेजों में प्रथम वर्ष में खाली सीटों पर दाखिले के लिए पोर्टल खोल दिया था।

**शहर के एक ही कॉलेज में बची खाली सीटें** : शहर के कुल छह कॉलेजों में से पांच कॉलेजों में करीब सभी सीटें भर गई हैं। वहीं इंपीरियल कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी व एमकॉम की सीटें खाली हैं। जिन पर दाखिला लिया जा सकता है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी कॉलेजों में भी सीटें खाली हैं।

इधर, विश्वविद्याल प्रशासन ने कॉलेजों में सीटें बढ़ाने को लेकर इंकार कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक शहर के कॉलेजों में इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुसार सीटें नहीं बढ़ाई जा सकती हैं। वहीं पूरे जिले के कॉलेजों की बात करें तो करीब 1500 से अधिक सीटें खाली हैं।

हमें उच्चतर शिक्षा विभाग व विश्वविद्यालय से पत्र मिला है। विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। विद्यार्थी कॉलेज में 31 अगस्त तक दाखिला ले सकते हैं। वहीं द्वितीय व तृतीय वर्ष में भी 15 सितंबर तक लेट फीस के साथ दाखिला लिया जा सकता है।

**डा. सुरेंद्र सिंगला**, प्राचार्य, इंपीरियल कॉलेज हिसार

दैनिक जागरण - 20/8/17

**पहल** | बेस्ट आइडिया देने वाले छात्रों को अब मिल सकेगी सांसद निधि से मदद

# सांसद ने जीजेयू को दिए पांच ई-रिक्शा कैंपस में स्टूडेंट्स को मिलेगी सुविधा

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू में रविवार को सांसद दुष्यंत चौटाला पहुंचे। उन्होंने सांसद निधि से विवि को 5 ई-रिक्शा भी दिए। इससे कैंपस में छात्र-छात्राओं को आवागमन करने में आसानी हो सकेगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर भी उपस्थित रहे।

सांसद दुष्यंत चौटाला कहा कि वह दिल्ली के जंतर-मंतर की तर्ज पर हिसार में भी विज्ञान प्रदर्शनी जैसी कोई व्यवस्था स्थापित करना चाहते हैं। इसके लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय होने के नाते गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सहयोग कर सकता है। सांसद ने विवि के कमेटी रूम में अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं में खोज करने की जबर्दस्त प्रतिभा होती है जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई विद्यार्थी विशेष किस्म का आइडिया विकसित करता है तो वे उस विद्यार्थी को 2.50 लाख रुपए, 1.50 लाख रुपए तथा 75 हजार रुपए सहायता के रूप में दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास के लिए जो भी सहयोग अपेक्षित होगा उसे अवश्य करेंगे। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि अगली बार जब वे मिलेंगे तो विश्वविद्यालय में कुछ और नई विकास योजनाएं प्रगति पर होंगी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रकार की रिक्शाओं की विश्वविद्यालय में बेहद जरूरत थी। बच्चों तथा आगंतुकों को अब विश्वविद्यालय में आने-जाने में और अधिक सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रदूषण मुक्त वाहन है जोकि गुरु जम्भेश्वर महाराज के सिद्धांतों पर स्थापित इस विश्वविद्यालय के लिए अति उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय को उच्च स्तरीय विश्वविद्यालय बनाने में सबका सहयोग रहा है।

## सांसद और वीसी ने की ई-रिक्शा की सवारी




रविवार को जीजेयू में ई-रिक्शा देकर इसकी सवारी करते सांसद दुष्यंत चौटाला व वीसी प्रो टंकेश्वर।

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने बताया कि विश्व विद्यालय ने विद्यार्थियों से नए आइडिया मांगे हैं जिसके लिए विवि के विभागों को तीन भागों में बांटा गया है। बेस्ट आइडियाज को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस अवसर पर सांसद दुष्यंत चौटाला, कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने ई-रिक्शा की सवारी भी की। इस दौरान नलवा विधायक रणबीर गंगवा, उकलाना विधायक अनूप धानक, बरवाला के विधायक वेद नारंग आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर - 21/8/17

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के पहले दौर में जीजेयू बना विजेता

## चाइनीज ताइपे में चल रहे हैं वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, दूसरा राउंड 23 को

अमर उजाला ब्यूरो
हिसार।

चाइनीज ताइपे में चल रहे वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान भारतीय यूनिवर्सिटी टेनिस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने पहले राउंड में जीत हासिल की है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने टीम में भाग ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक डॉ. शशी भूषण लुथरा ने बताया कि चाइनीज ताइपे में चल रहे वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2017 के दौरान भारतीय यूनिवर्सिटी टेनिस टीम के खिलाड़ियों ने पहले राउंड में पारस दहिया ने हंगरी के मदरस जेर्गीली को 6-7, 7-6 व 6-1 से हराकर विजय हासिल की। उन्होंने बताया कि युवराज सिंह ने वीन के खिलाड़ी मोरा अरंगुरन को 6-2 व 7-6 से तथा भारतीय खिलाड़ी बुवना कालाव ने स्विटजरलैंड की खिलाड़ी रे गलेज एलेक्जेंड्रा को 6-0, 6-0 से हराकर विजय प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि उनका दूसरा राउंड 23 अगस्त को होगा।



वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा लेते हिसार जीजेयू के खिलाड़ी। अमर उजाला

अमर उजाला - 23/8/17

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत की टेनिस टीम ने दर्ज कराई जीत

## भारतीय यूनिवर्सिटी टेनिस टीम का ट्रेनिंग कैंप गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चाइनीज ताइपाई में चल रहे वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान भारतीय यूनिवर्सिटी टेनिस टीम के खिलाड़ियों ने पहले राउंड में जीत हासिल की। भारतीय यूनिवर्सिटी टेनिस टीम का ट्रेनिंग कैंप गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था। जीत को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने टीम में भाग ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। टेनिस टीम के साथ गए विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक डॉ. शशी भूषण लुथरा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान भारतीय यूनिवर्सिटी टेनिस टीम के खिलाड़ी पारस दहिया ने हंगरी के मदरस जेर्गीली को 6-7, 7-6 व 6-1 से हराकर विजय हासिल की। उन्होंने बताया कि युवराज सिंह ने वीन के खिलाड़ी मोरा अरंगुरन को 6-2 व 7-6 से तथा भारतीय खिलाड़ी बुवना कालाव ने स्विट्ज़रलैंड की खिलाड़ी रे गलेज एलेक्जेंड्रा को 6-0, 6-0 से हराकर विजय प्राप्त की। उन्होंने बताया कि उनका दूसरा राउंड 23 अगस्त को होगा।



वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में टेनिस मैच खेलते भारतीय टेनिस खिलाड़ी।

दैनिक भास्कर - 23/8/17

Date - 24-08-2017

# गुजवि में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा दो समानांतर संगोष्ठी-कम-कार्यशाला आयोजित



पांच बजे न्यूज

हिसार। गुजवि के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा दो समानांतर संगोष्ठी-कम-कार्यशाला चौधरी रणबीर सिंह सभागार में आयोजित की गई। जिसमें कम्प्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि संगोष्ठी में गुड़गांव आधारित सोफकोन ट्रेनिंग कम्पनी के शाखा प्रबंधक सौरभ शंकर शर्मा मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहें।

विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए शाखा प्रबंधक सौरभ शंकर शर्मा ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम तीन नवीनतम तकनीकों के बारे में पता होना चाहिए। तकनीकी क्षेत्र में नौकरियों की बेहतर संभावना के लिए विद्यार्थियों को किसी एक तकनीक में निपुण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति का तैयार बायोडाटा उठाकर अपना बायोडाटा तैयार न करे। अपनी मूल ताकत, शैक्षणिकता व अनुभव के आधार पर स्वयं अपना बायोडाटा तैयार करें।

आईटी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों को लेकर कम्पनी प्रतिनिधि आर्चित साहू ने कहा कि एंबेडेड सिस्टम में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों शामिल हैं और आईटी की लगभग सभी तकनीकों में इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और छात्रों को इसमें निपुण होना चाहिए। कम्पनी प्रतिनिधि अभिषेक वर्मा ने एनएक्स यूनी ग्राफिक नेक्सट जनरेशन और ऑटो कैड आदि जैसे मैकेनिकल इंजीनियरिंग के नवीनतम रुझानों के बारे में छात्रों के साथ बातचीत की।

ट्रैनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के निदेशक प्रताप ड्क्षसह मलिक ने बताया कि छात्रों को प्रौद्योगिकी के बारे में अद्यतन रखने के लिए उद्योग जगत में काम करने वाले पेशेवरों द्वारा तकनीकी कार्यशालाएं आयोजित करना बेहद जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि सोफकोन ट्रैनिंग कम्पनी एक आईएसओ 9001:2008 कंपनी है और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में एनएसडीसी (भारत सरकार) की ट्रेनिंग पार्टनर भी हैं। कम्पनी विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए समय-समय पर अलग-अलग संस्थानों में तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम संचालित करती रही है।

इस दौरान छात्रों को आईओटी तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह भी उपस्थित रहें।

पांच बजे

# हर माह होगी एप्टीट्यूड परीक्षा और भाषण स्पर्धा

## जीजेयू में मासिक प्रतियोगिता दिवस कार्यक्रम शुरू



प्रतियोगिता में विजेता रहने वाली छात्रा को सम्मानित किया गया।

**जागरण संवाददाता हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से मासिक प्रतियोगिता दिवस कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत मंगलवार को विश्वविद्यालय में एप्टीट्यूड परीक्षा व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 195 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन हर माह किया जाएगा।

### परीक्षा में 170 तथा अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में 25 ने भाग लिया

उन्होंने बताया कि आगामी माह इस कार्यक्रम का आयोजन 11 सितम्बर को होगा। बृहस्पतिवार को हुई प्रतियोगिता के तहत लिखित एप्टीट्यूड परीक्षा में 170 तथा अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### इन विषयों पर हुई प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में युवा और सोशल मीडिया, मेरे क्षेत्र की नवीनतम तकनीक, मद्यपान, प्रभावी अध्ययन रणनीतियां व भारत का स्वतंत्रता संग्राम विषयों को शामिल किया गया था। एचएसबी के डा. एनके बिश्नोई, ईसीई विभाग के डा. अभिमन्यु नैन और सीएमटी विभाग की पल्लवी ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

### मोहित रहा प्रथम

ट्रेनिग एंड प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि लिखित एप्टीट्यूड परीक्षा में सीएसई विभाग के चतुर्थ वर्षीय विद्यार्थी मोहित कुंडू ने पहला स्थान प्राप्त किया। एमसीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थी हिमांशु ने दूसरा तथा सीएसई विभाग के चतुर्थ वर्षीय विद्यार्थी आकाश गहलावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषण स्पर्धा में बायो नैनो विभाग की छात्रा जिंसी ने पहला स्थान पाया।

## गुजवि ने घोषित किया परीक्षा परिणाम

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2017 में आयोजित एमटेक (जियो-इन्फोर्मेटिक्स) द्वितीय सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2014 व 2015, एमटेक (जियो-इन्फोर्मेटिक्स) द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2016, बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) पंचम सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2010, बीटेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) छठा सेमेस्टर (रीअपीयर) बैच 2011-2013, बीटेक (ईईई) तृतीय सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2011, 2012, 2013, 2014 व 2015, बीटेक (ईईई) छठा सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2011, 2012 व 2013, बीटेक (ईईई) छठा सेमेस्टर (मेन) बैच 2014, बीटेक (ईईई) पंचम सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2011, 2012, 2013 व 2014, बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) छठा सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2010, बीटेक (प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) आठवां सेमेस्टर (मेन) बैच 2013, बीटेक (प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) छठा सेमेस्टर (री- अपीयर) बैच 2012 व 2013, बीटेक (प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) आठवां सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2011 व 2012, बीटेक (बायोमेडिकल इंजीनियरिंग) चतुर्थ सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2002, बीआर्क चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2015, बीबीए छठा सेमेस्टर (मेन) बैच 2014, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी पंचम सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2012-2014, एमटेक (फूड टेक्नोलॉजी) तृतीय सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2015, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी पंचम सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2010, बैचलर ऑफ फार्मेसी पंचम सेमेस्टर (री-अपीयर) बैच 2010, एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर (रीअपीयर) बैच 2014, एमबीए (फाईनैंस) द्वितीय सेमेस्टर (रीअपीयर) बैच 2013 व 2014, एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर (रीअपीयर) बैच 2013 व 2014, बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) पंचम सेमेस्टर (रीअपीयर) बैच 2011, 2012, 2013 व 2014, बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) छठा सेमेस्टर (रीअपीयर) बैच 2011, 2012 व 2013, बीटेक (ईई) आठवां सेमेस्टर (मेन) बैच 2013, बीटेक (ईई) पार्ट टाइम आठवां सेमेस्टर (मेन) बैच 2013 तथा दिसम्बर 2016 में आयोजित एमटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) चतुर्थ सेमेस्टर (रीअपीयर) बैच 2013 व 2014 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## जीजेयू में दाखिल की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विभागों में यूजीसी कोर्सिज एमएससी साइकॉलोजी, एमएससी बायोटेक्नॉलोजी, एमएससी माइक्रोबायोलोजी, एमएससी कैमिस्ट्री, एमएससी इन्वायर्नमेंटल साइंस, एमएससी फूड टेक्नॉलोजी, एमएससी मास कम्युनिकेशन, एमएससी मैथेमेटिक्स, एमएससी फिजिक्स, एमएससी इकोनोमिक्स, मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, एमकॉम, ड्यूअल डिग्री बीएससी ऑनर्स-एमएससी प्रोग्रामस, पीजी डिप्लोमा इन गाईडेंस एंड काऊंसलिंग या अन्य शैक्षणिक सत्र 2017-18 के यूजीसी प्रोग्रामस में दाखिले की अंतिम तिथि 1000 रूपये लेट फीस के साथ 31 अगस्त 2017 तक बढ़ा दी गई है। इन पाठ्यक्रमों में दाखिले सम्बंधित विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय के कुलपति के अनुमोदन पर किए जाएंगे। यदि यूजीसी कोर्सों में दाखिले के लिए पहले से उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होंगे तो इस अवस्था में नए आवेदन आमंत्रित कर खाली सीटें भरी जाएंगी।

दैनिक जागरण - 25/8/17

# जीजेयू में एंटी रैगिंग कमेटी ने तीन दस्तों का किया गठन

## गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुई कमेटी की बैठक

**अमर उजाला ब्यूरो**

हिसार।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के कमेटी हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने की। बैठक का संचालन विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. संदीप राणा ने किया।

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से विश्वविद्यालय में रैगिंग से संबंधित कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। इसके बावजूद हमें इस मुद्दे पर निश्चिंत नहीं होना चाहिए। रैगिंग संबंधी मामलों हमें निरंतर चौकसी बरतनी पड़ेगी। सभी विभागों में रैगिंग नियंत्रण सैल बनाए जाएंगे। जिसके सभी सदस्यों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रैगिंग संबंधी समस्याओं के निपटान के लिए तीन एंटी रैगिंग दस्तों का भी गठन किया है। यह दस्ते विश्वविद्यालय के डे-स्कोलर विद्यार्थियों, लड़कों के छात्रावास, लड़कियों के छात्रावास व कार्यरत महिला छात्रावास के लिए काम करेंगे। नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय प्रांगण में विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थित में ही किया जाएगा। समारोह एक माह के अंदर ही किया जा सकेगा। रैगिंग के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।



कमेटी की मीटिंग लेते कुलपति टंकेश्वर कुमार। अमर उजाला

प्रॉक्टर संदीप राणा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न माध्यमों से ऐंटी रैगिंग अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं। रैगिंग को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन सचेत है। हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों हेतु एक एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। बैठक में भाग ले रहे अभिभावकों व छात्रों ने भी सुझाव दिए। इस अवसर पर शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. राजेश मल्होत्रा, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. नरसी राम बिश्नोई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. यशपाल सिंगला, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. संजीव, चीफ वार्डन डा. मिनाक्षी भाटिया, डॉ. सुमन दहिया, डॉ. नीतू अहलावत उपस्थित रहे।

अमर उजाला- 30/8/17

मीटिंग

**एंटी रैगिंग कमेटी को रजिस्ट्रार ने दिए निर्देश- कैंपस में वेलकम पार्टीज डिपार्टमेंट हेड की देखरेख में ही होंगी**

# जीजेयू के सभी विभागों में एंटी रैगिंग सेल बनाए जाएंगे

**भास्कर न्यूज | हिसार**

जीजेयू के सभी विभागों में एंटी रैगिंग नियंत्रण सेल बनाए जाएंगे। जीजेयू के रजिस्ट्रार अनिल कुमार पुंडीर ने मंगलवार को एंटी रैगिंग कमेटी के साथ विश्वविद्यालय के कमेटी हॉल में बैठक की। बैठक का संचालन प्रोक्टर डॉ. संदीप राणा ने किया।

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से विश्वविद्यालय में रैगिंग से सम्बन्धित कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। एंटी रैगिंग सेल बनाने के बाद उसके सभी सदस्यों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रैगिंग संबंधी मामलों में हमें निरंतर चौकसी बरतनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त आम विद्यार्थी, अध्यापक व कर्मचारी भी एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

**तीन दस्तों का भी किया गया गठन:** जीजेयू प्रशासन ने रैगिंग संबंधी समस्याओं के निपटान के लिए तीन एंटी रैगिंग दस्तों का भी गठन किया है। यह दस्ते विश्वविद्यालय के डे-स्कोलर विद्यार्थियों, लड़कों के छात्रावास, लड़कियों के छात्रावास व कार्यरत महिला छात्रावास के लिए काम करेंगे। पुंडीर ने बताया कि नव आगंतुक विद्यार्थियों का स्वागत समारोह विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ शिक्षकों की मौजूदगी में ही होंगे।

### हॉस्टल के विद्यार्थियों के लिए एंबुलेंस 24 घंटे होगी

प्रोक्टर संदीप राणा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न माध्यमों से एंटी रैगिंग अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं। रैगिंग को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन सचेत है। हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए एक एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। छात्राओं की सुविधा के लिए हॉस्टल में एटीएम, फोटोस्टेट मशीन, इंटरनेट कैफे व एक दुकान भी स्थापित की गई है। जिला प्रशासन के अधिकारी ने अपने सुझाव दिए। अभिभावकों व छात्रों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. राजेश मल्होत्रा, डीन ऑफ कॉलेजज प्रो. नरसी राम बिश्नोई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. यशपाल सिंगला, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. संजीव, चीफ वार्डन डॉ. मीनाक्षी भाटिया, डॉ. सुमन दहिया, डॉ. नीतू अहलावत, मुख्य सुरक्षा अधिकारी पतराम सिंह, जिला जनसम्पर्क अधिकारी पारूल लता, वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र उप्पल, राहुल मित्तल, अभिभावक विजय, गीता व छात्र अंजली, काजल व निकिता उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर- 30/8/17

# घर बैठे प्लेसमेंट की जानकारी देगा 'हेलो टॉपर'

**जागरण संवाददाता, हिसार** : जीजेयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल की ओर से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी अब विद्यार्थियों को उनके मोबाइल पर ही मिल सकेगी। इससे खुद के प्लेसमेंट को लेकर होने वाली सूचनाओं से विद्यार्थी अपडेट रह सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा इसके लिए एक एप जारी किया गया है। हेलो टॉपर नामक इस एप पर विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल विश्वविद्यालय में समय समय पर होने वाली कैंपस प्लेसमेंट की जानकारी देगा।

वहीं, दूसरी ओर विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि प्लेसमेंट सैल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट से पहले भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। सैल विश्वविद्यालय के संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पूर्व प्लेसमेंट वार्ता, लिखित परीक्षा, समूह चर्चा, साक्षात्कार आदि की कार्यशाला आयोजित करवाता है।

इसके अलावा छात्रों के कौशल को सुधारने के लिए पेशेवरों से व्याख्यान भी व्यवस्थित करता है, ताकि उनकी सामान्य जागरूकता, तर्क, संचार कौशल आदि की क्षमता को बढ़ाया जा सके। इन सभी कार्यक्रमों की जानकारी अब विद्यार्थियों को उनके मोबाइल पर मिलेगी और वे कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे। विश्वविद्यालय की तरफ से एप में संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी डाली जाएगी और विद्यार्थियों के पास नोटिफिकेशन भी भेजा जाएगा।

इससे विद्यार्थी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल की हर गतिविधि से अपडेट रहें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी हेलो टॉपर नामक इस एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

> प्लेसमेंट सैल में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को अपडेट रखने के लिए हमने एक हैलो टॉपर नाकम एप जारी की है। सैल में होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी इस एप में डाली जाएगी और विद्यार्थियों को मैसेज के जरिए भी सूचना दी जाएगी। ताकि विद्यार्थियों को सुविधा हो।
>
> **प्रताप सिंह मलिक,** निदेशक, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल, जीजेयू हिसार

दैनिक जागरण - 31/8/17